卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं, यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 9 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦बुधवार ♦15 अक्टूबर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

शिवा ज्वैलर्स एवं डायमंड
क्षेत्रवासियों को धनतेरस एवं दीवाली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
हमारे आभूषण आपका निखार, हॉलमार्क आभूषण और प्रमाणित हीरे
हॉलमार्क सोने के जेवर पक्के बिल के साथ पायें हमारे यहां 92.5 चांदी के जेवर उपलब्ध है।

| Carat | 22KT | 20KT | 18KT | 14KT |
|---|---|---|---|---|
| Purity | 91.60% | 83.33% | 75% | 58.5% |

Certified by IGI | BIS Certified | EMERALD | KISNA
मेकिंग चार्ज पर भारी छूट
राजेन्द्र वर्मा मो.-9837371019
नितेश वर्मा मो.-7500537754
रितुल वर्मा मो.-7017520256
पता - सर्राफा बाजार, शिशु मन्दिर रोड, गदरपुर(उधमसिंहनगर)


## कर्मचारियों को दिवाली का तोहफा

### 2-50 लाख से अधिक कर्मचारियों को मिलेगा 58% की दर से डीए

देहरादून( उद संवाददाता)। उत्तराखंड की धामी सरकार ने प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को दीपावली से पहले महंगाई भत्ते और बोनस का तोहफा देकर बड़ी राहत दी है। सरकार ने 58 प्रतिशत की संशोधित दर से महंगाई भत्ता जारी करने का आदेश जारी कर दिया है। यह बढ़ा हुआ डीए 1 जुलाई 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक के लिए नकद रूप में भुगतान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अराजपत्रित कर्मचारियों को बोनस देने का भी निर्णय लिया गया है। इस संबंध में वित्त विभाग द्वारा आधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। कुल मिलाकर प्रदेश के 2.50 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारी इस निर्णय से लाभान्वित होंगे। केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में डीए में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की गई थी, जिसके बाद डीए की दर 55 प्रतिशत से बढ़ाकर 58 प्रतिशत कर दी गई। इसी के अनुपालन में राज्य सरकार ने भी कर्मचारियों के हित में यह निर्णय लिया है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की ओर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से दीपावली से पूर्व डीए और बोनस जारी करने की मांग की गई थी। इस पर सरकार ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए कर्मचारियों को यह आर्थिक राहत प्रदान की है।अपर सचिव, वित्त डॉ. अहमद इकबाल ने जानकारी दी कि महंगाई भत्ते और बोनस को लेकर शासन स्तर पर प्रक्रिया पहले से प्रचलित थी, जिसे अब अंतिम रूप देकर आदेश जारी कर दिए हैं।



## खड़ी क्रेन से भिड़ी रोडवेज बस,कई घायल



हरिद्वार( उद संवाददाता)। बहादराबाद थाना क्षेत्र के बढ़ेड़ी राजपूतान गांव के पास मंगलवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब हरिद्वार से रुड़की की ओर जा रही एक रोडवेज बस सड़क किनारे निर्माणाधीन नेशनल हाईवे पर खड़ी क्रेन से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मेरठ डिपो की रोडवेज बस हरिद्वार से रुड़की की ओर जा रही थी। रात लगभग 10 बजे, जैसे ही बस बढ़ेड़ी राजपूतान गांव के समीप पहुँची, वह सड़क किनारे बिना किसी संकेत के खड़ी क्रेन से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और कई यात्री भीतर ही फंस गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। यात्रियों को बस से निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। चालक को खिड़की तोड़कर बाहर निकाला गया। हादसे में करीब छह लोग घायल हुए हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अंकुर शर्मा और शांतरशाह चौकी प्रभारी उमेश कुमार लोधी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को तुरंत एम्बुलेंस के माध्यम से नजदीकी अस्पताल भिजवाया। चौकी प्रभारी उमेश कुमार लोधी ने पुष्टि करते हुए बताया कि हादसे में करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं, जिनमें तीन की स्थिति चिंताजनक है। सभी घायलों का उपचार जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के चलते हाईवे पर कई स्थानों पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है, जिससे इस तरह के हादसों की आशंका बनी रहती है।

अम्बिका ज्वैलर्स
निकट नावल्टी रेस्टोरेन्ट, रुद्रपुर(उधमसिंहनगर) मो.-9927012111
हॉलमार्क ज्वैलरी आकर्षक डिजाईन
मेकिंग चार्ज में भारी छूट
शुद्धता की पूर्ण गारन्टी
पहुँची, गढ़वाली व कुमाऊंनी नथ, गुलबन्द विशेष डिजाइन में तैयार किये जाते हैं।
राशि के नग जैसे मोती, मूंगा, माणिक्य, पन्ना, पुखराज आदि

## साइबर अपराध के संदेह पर पुलिस टीमों का छापा

### संदिग्ध कॉल सेंटरों पर एक साथ हुई चेकिंग,युवक युवतियों से गोपनीय पूछताछ



सितारगंज। साइबर अपराध के संदेह पर टीम ने पुलिस के साथ मिलकर दो स्थानों पर अलग अलग एक ही वक्त में छापेमारी की। इन स्थानों पर कॉल सेंटर संचालित हो रहे थे। पुलिस की टीमें गोपनीय तरीके से मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बुधवार को हाईवे टीम प्रभारी सुंदरम शर्मा और स्थानीय कोतवाली के कोतवाल नरेश चौहान, एसएसआई विक्रम धामी महिला पुलिस अफसरों के साथ मीना बाजार स्थित दो मंजिला मकान पर पहुंचे। यहां उन्होंने कथित रूप से चल रहे कॉल सेंटर में काम करने वाले युवक, युवतियों से पूछताछ की। इसके बाद टीम के अधिकारी चौधरी मार्केट स्थित दूसरे मकान में पहुंचे यहां भी कॉल सेंटर संचालित हो रहा था। जिसकी पुलिस को सूचना मिली। दोनों स्थानों पर पुलिस और साइबर टीम बेहद गोपनीय तरीके से जांच पड़ताल कर रही है। संभवतः दोनों स्थानों पर फर्जी कॉल सेंटर संचालित हो रहे थे। सूत्रों के अनुसार पुलिस को कथित फर्जी कॉल सेंटर में साइबर अपराध, ठगी, डिजीटल अरेस्टिंग जैसे अपराध का संदेह हैं। पिछले कई घंटे से पुलिस साइबर अपराध के संबंध में संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। पुलिस की जांच होने के बाद ही मामले से पूरी तरह पर्दा उठ सकेगा।

## पुलिस कलस्टर प्रतियोगिता का डीएम ने किया शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 31वीं वाहिनी पीएसी रूद्रपुर में तीन दिवसीय द्वितीय प्रादेशिक अन्तर जनपदीय/वाहिनी पुलिस कबड्डी कलस्टर (कबड्डी, जिम्नास्टिक, फैन्सिंग, खो-खो) प्रतियोगिता-2025 का जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने खेल टीमो के मार्चपास की सलामी लेकर शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होने खिलाड़ियों से परिचय कर प्राप्त कर कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया व खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। जिलाधिकारी ने टॉस कर मैच शुभारम्भ किया। पहला कबड्डी मैच आईआरबी प्रथम व द्वितीय के बीच खेला गया। जिसमे आईआरबी द्वितीय विजयी रही। जिलाधिकारी श्री भदौरिया ने द्वितीय प्रादेशिक अन्तर जनपदीय/वाहिनी पुलिस कबड्डी कलस्टर प्रतियोगिता मेजबानी के लिए 31वीं वाहिनी पीएसी को बधाई दी। उन्होने कहा इस प्रथम प्रादेशिक अन्तरजनपदीय/वाहिनी पुलिस कबड्डी कलस्टर प्रतियोगिता में कबड्डी, जिम्नास्टिक, फैन्सिंग, खो-खो खेल आयोजित हो रहे है। उन्होने कहा कि ऐसे खेलो के आयोजन से हमारे खिलाड़ियों को बढावा मिलेगा। (शेष पृष्ठ सात पर)





AASTHA ELECTRONICS
0% FINANCE AVAILABLE BAJAJ FINSERV
Kashipur Bypass Road, Near Hotel Amber, Rudrapur, Mo-9837446000, 9897122627
iPhone vivo SAMSUNG oppo mi Xiaomi realme NOKIA ONEPLUS
SAMSUNG Whirlpool Haier IFB VOLTAS GENERAL DAIKIN BLUE STAR
HAVELLS Aquaguard KENT JBL F&D hp HYUNDAI PHILIPS

SAMSUNG MOBILE CAFE
PHONE & ACCESSORIES
पता-दुर्गा मन्दिर गली, रुद्रपुर
प्रत्येक मोबाईल के साथ FREE GIFT
MOBILE MANTRA
0% डाउन पेमेंट
कहीं का भी आधार कार्ड लायें और फोन ले जायें
BAJAJ FINSERV SAMSUNG Finance+ HDB FINANCIAL SERVICES
ओल्ड इलाहाबाद बैंक वाली गली के कार्नर पर, काशीपुर बाईपास रोड, रुद्रपुर मो.-9917318000, 9917301800


SONY
BRAVIA
CINEMA IS COMING HOME
गुरू मा
Guru Maa Enterprises in Proud Association with Gupta Electronics, is all set to Launch its Brand-New Showroom in Almora- Opening Shortly!
BIG SAVINGS with GST BENEFITS & FESTIVE OFFERS
DIRECTOR
S.S. Rajamouli
Celebrated Filmmaker
Advanced AI
Powered by XR
SPECIAL FESTIVE OFFERS
3 YEARS WARRANTY
INSTANT CASHBACK UP TO RS.25,000/-
1 EMI FREE
TV + SOUNDBAR COMBO OFFER
SAVE UPTO Rs.69,990/-
BUY NOW AT Rs.2,995/-
*Conditions apply
BRAVIA
BRAVIA 9
Our brightest 4K ever
WINNER 2024 TV SHOOTOUT
XR Mini LED
SPECIAL OFFER INSTANT CASHBACK Rs.20,000/- Buy now Rs.7,500/-
Available Sizes: • 216cm (85) • 189cm (75)
Range starts from Rs.4,05,590/-
BRAVIA 8 II NEW
Aesthetic slimness, blends in beautifully
WINNER 2025 TV SHOOTOUT KING OF TV
XR OLED
SPECIAL OFFER INSTANT CASHBACK Rs.12,500/- Buy now Rs.5,500/-
Google TV
Available Sizes: • 164cm (65) • 139cm (55)
Range starts from Rs.2,39,650/-
BRAVIA 7
Perfectly balanced, entertains everyone brilliantly
XR Mini LED
SPECIAL OFFER INSTANT CASHBACK Rs.12,500/- Buy now Rs.2,995/-
Google TV
Available Sizes: • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55)
Range starts from Rs.1,61,290/-
BRAVIA 5 NEW
Big on entertainment, easy to love.
XR Mini LED
SPECIAL OFFER INSTANT CASHBACK Rs.25,000/- Buy now Rs.2,995/-
Google TV
Available Sizes: • 248cm (98) • 215cm (85) • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55)
Range starts from Rs.1,33,660/-
BRAVIA 3
Rich Color, Immersive Sound
X1 4K HDR Processor
SPECIAL OFFER INSTANT CASHBACK Rs.15,000/- Buy now Rs.1,849/-
Google TV
Available Sizes: • 215cm (85) • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55) • 126cm (50) • 107cm (43)
Range starts from Rs.66,340/-
BRAVIA 2 II NEW
Life, upscaled. In 4K.
X1 4K Processor
SPECIAL OFFER INSTANT CASHBACK Rs.7,500/- Buy now Rs.1,849/-
Google TV
Available Sizes: • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55) • 126cm (50) • 107cm (43)
Range starts from Rs.44,190/-
SOUNDBAR
HT-A3000 + SW3 + RS3S
Real 5.1ch Home Theatre with Wireless Rear Speakers
SPECIAL OFFER INSTANT CASHBACK UP TO Rs.6,000/- OR BUY NOW AT Rs.4,995/-
GET Rs.35,990/-
360 SPATIAL SOUND MAPPING
Dolby
S-FORCE
MRP Rs. 1,35,970/- | Offer Price Rs. 80,980/-
BRAVIA Theatre System 6 NEW
Real 5.1ch Dolby Atmos Soundbar with Wireless Rear Speaker
SPECIAL OFFER COMBO OFFER UP TO Rs.3,000/- OFF
Dolby ATMOS
1000W POWER OUTPUT
WIRELESS Rear Speakers
S-FORCE
MRP Rs. 64,990/- | Offer Price Rs. 49,990/-
HT-S40R
Real 5.1ch soundbar with wireless rear speakers
SPECIAL OFFER INSTANT CASHBACK UP TO Rs.2,000/- OR BUY NOW AT Rs.1,295/-
600
S-MASTER
Dolby
MRP Rs. 34,990/- | BEST BUY Rs. 22,990/-
PARTY SPEAKER
ULT Tower 9
High Power Party Speakers
ULT
SPECIAL OFFER INSTANT CASHBACK UP TO Rs.5,000/- OR BUY NOW AT Rs.4,374/-
360° SOUND
MRP Rs. 79,990/- | BEST BUY Rs. 69,990/-
Finance offers powered by :
ATTRACTIVE CREDIT CARDS FINANCE OPTIONS*
ATTRACTIVE PAPER FINANCE OPTIONS*
pine labs
Paytm EMI
AMERICAN EXPRESS
BOBCARD
HDFC BANK
HSBC
SBI card
YES BANK
HDB
kotak
गुरू मा
Guru Maa Enterprises
RUDRAPUR - 9927882338, Sony Center- 9927396666, KASHIPUR -Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555
HALDWANI- Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, GEE AAR Elc. 9719077772
GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544
LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, LOHAGHAT - 9568035735, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000




# स्वदेशी दिवाली मेले का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ आगाज

## गांधी पार्क में सजे तीन सौ से अधिक स्टॉल, रंगारंग कार्यक्रमों ने बांधा समां

रुद्रपुर। नगर निगम की ओर से गांधी पार्क में आयोजित उत्तराखण्ड के पहले 'स्वदेशी दिवाली मेले' का मंगलवार को रंगारंग कार्यक्रमों के बीच भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी नितिन भदौरिया, महापौर विकास शर्मा एवं नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। अतिथियों ने मेले में लगे स्टॉलों का अवलोकन किया और वहां प्रदर्शित स्वदेशी उत्पादों की जानकारी ली।शुभारंभ अवसर पर मंच पर रंग-बिरंगी रोशनियों के बीच विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। धार्मिक और लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं नौ देवियों के स्वरूपों पर आधारित प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले बच्चों को मंच पर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि पुलिस प्रशासन, व्यापार मंडल और नगर निगम के सामूहिक सहयोग से यह ऐतिहासिक आयोजन संभव हो सका है। उन्होंने विशेष रूप से जिलाधिकारी नितिन भदौरिया का आभार जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में नगर निगम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को धरातल पर उतारने का कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि छोटे व्यापारी भी आर्थिक रूप से सशक्त हों और उनके चेहरों पर मुस्कान आए। आज देशभर में 'स्वदेशी' जनआंदोलन का स्वरूप ले चुका है और रुद्रपुर का यह मेला उसी अभियान को आगे बढ़ाता है।महापौर ने कहा कि दिवाली के अवसर पर हर साल छोटे कारोबारी मुख्य बाजारों में फड़ लगाकर व्यापार करने को मजबूर होते थे, जिससे अव्यवस्था और ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न होती थी। लेकिन इस बार गांधी पार्क में मेला आयोजित होने से एक ओर जहां व्यवस्थित बाजार उपलब्ध होगा, वहीं जाम की समस्या से भी राहत मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सात दिवसीय यह मेला गरीब तबके की आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ स्वदेशी उत्पादों को व्यापक मंच प्रदान करेगा। साथ ही उन्होंने बताया कि दुकानों का आवंटन पारदर्शी लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया गया है ताकि छोटे व्यापारी सम्मानपूर्वक व्यापार कर सकें।उन्होंने कहा कि नगर निगम आत्म निर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए छोटे कारोबारियों को सशक्त बनाने पर जोर दे रहा है। वेंडिंग जोन विकसित करने के साथ-साथ पीएम स्वनिधि योजना से हजारों छोटे व्यापारी लाभान्वित हो रहे हैं। इस योजना ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है और आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान की है।जिलाधिकारी नितिन भदौरिया ने मेले की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल स्थानीय उत्पादों को बाजार मिलता है ,बल्कि छोटे व्यापारियों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि यह मेला शहर की अर्थव्यवस्था को नया आयाम देगा और स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने निगम की इस पहल को जनहित में एक सराहनीय प्रयास बताते हुए कहा कि गांधी पार्क में मेला लगाने से ट्रैफिक व्यवस्था पर पड़ने वाला दबाव कम होगा। दिवाली जैसे पर्वों पर शहर में होने वाली भीड़ और जाम की समस्या से निपटने के लिए यह एक सकारात्मक कदम है। नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने बताया कि इस मेले का खाका महज तीन दिन में तैयार किया गया और इसे महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में धरातल पर उतारा गया है। उन्होंने कहा कि निगम की कोशिश है कि स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करते हुए एक ऐसा मंच उपलब्ध कराया जाए, जो छोटे व्यापारियों और शहरी उपभोक्ताओं के बीच सेतु का कार्य करे। मेले में करीब 300 दुकानें लग चुकी है कुछ और आवेदन मिले हैं उनके लिए भी गांधी पार्क में व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि इस मेले से कोई भी व्यापारी खाली नहीं लौटेगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाने की थीम पर आधारित यह मेला 21 अक्टूबर तक चलेगा और शहरवासियों को स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने शहरवासियों से मेले में आकर स्वदेशी को बढ़ावा देने की अपील भी की।कार्यक्रम का संचालन सुधीर दास ने किया। इस मौके पर उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडेय, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, रणदीप सिंह, भाजपा नेता सुरेश कोली, सिटी मिशन मैनेजर मनोज कर्नाटक, पार्षद चिराग कालरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, महामंत्री पारस चुघ, राजन राठौर, सचिन तनेजा, नवीन बुधानी, नरेंद्र कुमार आर्या, जितेंद्र खत्री, गोधन सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे







# एसटीएफ और गदरपुर पुलिस ने 7 तमंचों समेत तस्कर दबोचा

## अवैध असलहा तस्करी का पुलिस ने किया भंडाफोड़

गदरपुर(उद संवाददाता)। एसएसपी के निर्देशन में अवैध शस्त्रों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसटीएफ कुमाऊं यूनिट और थाना गदरपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने नवाबगंज-बिलासपुर बॉर्डर क्षेत्र के पास चेकिंग के दौरान एक युवक को सात अवैध तमंचों के साथ गिरफ्तार किया। 13 अक्टूबर की रात्रि नवाबगंज रोड स्थित रतनपुरा पुलिस चौकी के पास सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस बीच बिलासपुर की ओर से आ रही मोटरसाइकिल सवार ने पुलिस को देखते ही वाहन मोड़कर भागने का प्रयास किया,परंतु पुलिस ने उसे तुरंत पकड़ लिया।पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आजाद अली पुत्र अख्तर अली निवासी ग्राम कनकटा थाना गदरपुर बताया। तलाशी लेने पर एक तमंचा 315 बोर बरामद हुआ,मोटरसाइकिल पर रखे बैग की तलाशी में कुल 6 और तमंचे बरामद हुए। आरोपी ने पूछताछ में हथियारों को उत्तर प्रदेश से लाने की बात स्वीकार की। उसके आपराधिक इतिहास की जानकारी भी खंगाली जा रही है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह चौहान,उप निरीक्षक मोहन सिंह बोहरा एसआई विपिन चंद्र जोशी, कृष्ण गोपाल मठपाल (एसटीएफ कुमाऊं यूनिट) हेड कांस्टेबल रविन्द्र सिंह, कां, जितेन्द्र कुमार,वीरेंद्र चौहान,मनमोहन सिंह (एसटीएफ टीम) शामिल रहे।



# नेत्रदान कर अमर हो गई सोमा मुरादिया

## अंतिम इच्छानुसार परिवार ने नेत्रदान करवाए



गदरपुर(उद संवाददाता)। समाजसेवी चिराग मुरादिया की माताजी का आकस्मिक निधन हो गया था। दुख की घड़ी में भी परिवार ने दिवंगत श्रीमती सोमा मुरादिया के नेत्रदान करने हेतु क्षेत्र की नेत्रदान में अग्रणी संस्था सोचो डिफरेंट के माध्यम से संपर्क कर नेत्रदान किए। जिससे किन्हीं दो लोगों के जीवन में रोशनी आएगी। स्वर्गीय श्रीमती सोमा मुरादिया के नेत्र उनके जाने के बाद भी इस रंग बिरंगी दुनिया में जीवित रहेंगे। जिससे समाज को प्रेरणा मिलेगी । इस कार्य हेतु सोचो डिफरेंट संस्था के के संदीप चावला, लकी भुसरी, आशु अनेजा, राहुल अनेजा, मनीष सेतिया, पृथ्वी बजाज, विकी भुसरी द्वारा इस परोपकार के कार्य में परिवार को प्रेरणा दी । इस दौरान अनेकों संस्थाओं ने अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## कृषि योजनाओं का लाभ

सरकार की ओर से समाज के विभिन्न वर्गों के लिए नई-नई योजनाएं लागू की जाती हैं, मगर इनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंच पाता है या नहीं, इस पर शायद ही कोई ध्यान दिया जाता है। इससे न केवल सरकारी धन का बेजा इस्तेमाल होता है, बल्कि वे लोग भी लाभ से वंचित रह जाते हैं, जिन्हें केंद्र में रखकर योजना तैयार की जाती है। यही वजह है कि सरकार की कई महत्त्वाकांक्षी योजनाएं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाती हैं। संबंधित अधिकारियों की लापरवाही और निगरानी तंत्र का अभाव इसकी बड़ी वजह है।किसानों की आर्थिक मदद के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का भी यही हाल है। इसके तहत किसान परिवार का एक सदस्य ही लाभ ले सकता है। मगर केंद्रीय कृषि मंत्रालय की सत्यापन जांच में पाया गया कि बड़ी संख्या में पति और पत्नी दोनों ही इस योजना के लाभार्थी बने हुए हैं। सवाल है कि इस तरह की योजनाओं में आर्थिक सहायता से पहले पात्रता की जांच करने की जरूरत क्यों महसूस नहीं की जाती?प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि केंद्र सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी योजना है। इसमें हर वर्ष तीन किस्तों में किसान परिवार के एक सदस्य को दो-दो हजार रुपए की राशि देने का प्रावधान है। इस रकम को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिए सीध बैंक खाते में जमा किया जाता है। अगर यह नियम है, तो यह कैसे संभव हुआ कि एक ही घर से दो लोगों को राशि हस्तांतरित की जाती रही। जिन अधिकारियों के माध्यम से राशि जारी की जा रही थी, न तो उन्होंने और न ही संबंधित बैंक प्रबंधन ने कभी इस पर गौर करने की जरूरत महसूस की। इस योजना के अंतर्गत उन्नीस लाख से अधिक किसानों के सत्यापन से पता चला है कि इनमें 17.87 लाख पति-पत्नी ही लाभार्थी थे। इस हिसाब से करीब चौरानवे फीसद दंपति इस योजना का लाभ ले रहे थे। यह पहली बार नहीं है, जब किसी अहम योजना के क्रियान्वयन में इस तरह की लापरवाही सामने आई है। ऐसे में शासन-प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह की योजनाओं की नियमित निगरानी हो, ताकि पात्र लोगों को इनका लाभ मिल सके।

# दीपावली को लेकर पुलिस का 'ऑपरेशन सैनेटाइज' अभियान जारी

## बाजारों में पैदल फ्लैग मार्च,8 बाबाओं सहित 70 संदिग्ध लिए हिरासत में

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आगामी दीपावली पर्व को शांति, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने के उद्देश्य से मंगलवार की सायं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने पुलिस बल के साथ शहर के प्रमुख बाजारों में पैदल फ्लैग मार्च एवं औचक बाजार, बर्तन बाजार, मीरा मार्ग, सदर बाजार' आदि क्षेत्रों में पहुंचे और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानों में कार्यरत व्यक्तियों से सत्यापन संबंधित पूछताछ की तथा बिना सत्यापन बाहरी व्यक्तियों को अपने भी संदिग्ध बाजार से बाहर न जा सके। इस दौरान कई संदिग्धों से पूछताछ की गई तथा सत्यापन कार्यवाही की गई। पूछताछ में संतोषजनक जवाब न मिलने पर कुल 70 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। जिनमें 8 संदिग्ध बाबा भी शामिल हैं। कोतवाली हल्द्वानी में सभी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा सुशील जोशी,विमल मिश्रा थानाध्यक्ष काठगोदाम, दिनेश जोशी थानाध्यक्ष मुखानी, सीपीयू प्रभारी, महिला/पुरुष पीएसी, डॉग स्क्वॉड टीम एवं थाना- चौकी पुलिस बल मौजूद रहा।एसएसपी प्रहलाद मीणा ने कहा कि दीपावली खुशियों का पर्व है, लेकिन सुरक्षा



निरीक्षण किया। शहर में बाजारों और गलियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। ऑपरेशन सैनेटाइज के तहत एसएसपी मीणा स्वयं पुलिस अधीकारियों और जवानों के साथ कारखाना बाजार, साहूकार बाजार, पटेल चौक, नया प्रतिष्ठान में न रखने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही, अनावश्यक रूप से बाजारों में घूमने वाले लोगों को चेताया और शालीनता व अनुशासन बनाए रखने की हिदायत दी। पुलिस ने शहर के विभिन्न बिंदुओं पर नाकाबंदी व पिकेट ड्यूटी लगाकर चेकिंग अभियान चलाया, जिससे चेकिंग के दौरान कोई से पूछताछ एवं तस्दीक की जा रही है, सही पाए जाने पर छोड़ा जाएगा, अन्यथा आवश्यक काइनूनी कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण टीम में एसपी सिटी प्रकाश चन्द्र, पुलिस उपाधीक्षक नितिन लोहनी, सीओ लालकुआं श्रीमती दीपशिखा अग्रवाल, प्रभारी निरीक्षक अमर चंद्र शर्मा,यातायात प्रभारी महेश चंद्र, प्रभारी भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि त्योहारों के दौरान अनुशासन का पालन करें, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अपने बच्चों और कीमती सामान का ध्यान रखें, तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। अराजकता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# लिटिल किंगडम में फायर सेफ्टी कैम्प का आयोजन

रूद्रपुर। लिटिल किंगडम विद्यालय में विशेष फायर सेफ्टी कैम्प का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आग से संबंधित खतरों से अवगत कराना और आपात स्थिति में उचित उपायों की जानकारी देना था। इस जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अग्निशमन उपकरण प्रभावी होते हैं, जैसे फायर एक्सटिंग्विशर, रेत, पानी, फायर अलार्म और आवश्यकता पड़ने पर फायर ब्रिगेड की सहायता लेना अनिवार्य होता है। बच्चों को आग लगने की स्थिति में धैर्य बनाए रखने, बिजली के मुख्य स्विच बंद करने, गैस के रेगुलेटर को तुरंत बंद खिड़कियाँ खोलने तथा किसी भी प्रकार के विद्युत उपकरण का उपयोग न करने जैसी सावधानियाँ अत्यंत आवश्यक हैं। प्रशिक्षण के अंतिम चरण में विद्यार्थियों को फायर सेफ्टी से जुड़ी डेमो एक्टिविटीज कराई गईं, जिसमें उन्होंने सीखे गए उपायों को व्यवहार में लाकर एक उपयोगी संसाधन है, लेकिन असावधानी के कारण यह विनाशकारी बन सकती है। बच्चों में प्रारंभ से ही सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना आवश्यक है। विद्यालय के संचालक लक्ष्य शर्मा ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर बल देते हुए कहा इस






भाग लिया और आग से निपटने की बारीकियों को गहराई से जाना। कार्यक्रम की शुरुआत में फायर विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को आग के विभिन्न प्रकारों ख्र जैसे विद्युत आग, रसोई गैस की आग, रासायनिक आग और ज्वलनशील पदार्थों से लगने वाली आग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार की आग पर कौन-से करने, तथा शीघ्र ही खुले और सुरक्षित स्थान पर पहुँचने जैसे व्यावहारिक उपायों की भी प्रशिक्षण के माध्यम से जानकारी दी गई। विशेष रूप से एलपीजी गैस सिलिंडर के सुरक्षित उपयोग पर फोकस करते हुए बताया गया कि सिलिंडर का इस्तेमाल करते समय पाइप की नियमित जाँच, सिलिंडर को सीधा खड़ा रखना, और गैस लीक की स्थिति में सभी दर्शाया। अधिकारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यालय प्रशासिका श्रीमती परविंदर पुरी ने कहा सुरक्षा हमारी पहली जिम्मेदारी है। यदि हम सतर्क और सजग रहें, तो किसी भी आपदा को रोका जा सकता है। प्रधानाचार्या श्रीमती गायत्री खन्ना ने अपने संबोधन में कहा, आग प्रकार के शैक्षिक कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें जीवन की वास्तविक परिस्थितियों से जूझने की समझ भी देते हैं। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्या सिमरन पुरी, विकास शर्मा, राखी राजपूत, मानसी, पूजा,भूमिका श्रीवास्तव, सुरभि श्रीवास्तव, पूनम साहनी सहित अनेक शिक्षकगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

गदरपुर(उद संवाददाता)। आवास विकास के शिव पार्वती मंदिर में चल रही भागवत कथा में कथा वाचक पंडित बृज गोपाल जी महाराज ने श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह के प्रसंग को सुनाकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया वहीं सात दिवसीय कथा का विश्राम देते हुए सभी को शुभकामनाएं दी गई । कथा के दौरान ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर ,मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रीत ग्रोवर,पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के अलावा सहयोगी सेवादारों एवं



मातृशक्ति को स्मृति चिन्ह पटका और भागवत गीता की प्रति सप्रेम भेंट की गई । मंदिर समिति अध्यक्ष राकेश भुड्डी,कोषाध्यक्ष रमन छाबड़ा महामंत्री सतीश छाबड़ा एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष अंजू भुड्डी द्वारा कार्यक्रम में पहुंचे विधायक अरविंद पांडे का भी स्वागत किया गया । स्थानीय कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण की झांकी का भी सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया । इस दौरान तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे । कथा समापन के उपरांत आरती, प्रार्थना तथा लंगर प्रसाद का वितरण किया गया।

# डॉ. दास की शैक्षणिक पुस्तक ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

शक्तिफार्म। शिक्षा जगत में तकनीक के प्रभाव और समावेशन को केंद्र में रखते हुए नगर के प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. मनोज दास ने एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक पुस्तक एजुकेशन टेक्नोलॉजी एंड आई.सी.टी. का लेखन कर शक्तिफार्म ही नहीं, बल्कि पूरे जनपद का गौरव बढ़ाया है। डॉ. दास की यह पुस्तक आधुनिक शिक्षा प्रणाली में शैक्षिक तकनीक और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी की भूमिका को व्यापक दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती है। यह कृति बी.टी.सी., डी.एल.एड., बी.एड., एम. एड. सहित उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों और प्रशिक्षणार्थियों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई है।इस पुस्तक में डिजिटल लर्निंग, स्मार्ट क्लास, ई-टूल्स, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स, कंप्यूटर आधारित शिक्षण, शिक्षक प्रशिक्षण, और वर्चुअल एजुकेशन जैसे विषयों को अत्यंत सरल भाषा में, व्यावहारिक उदाहरणों के साथ प्रस्तुत किया गया है। यह पुस्तक सिर्फ एक अकादमिक संदर्भ ग्रंथ नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी परिवर्तन को समझने और अपनाने हेतु एक मार्गदर्शक दस्तावेज के रूप में देखी जा रही है। विशेष उल्लेखनीय बात यह है कि इस पुस्तक को भारत सरकार के अधिकृत उपक्रम से आई.एस.बी.एन. नंबर प्राप्त



हुआ है, जो इसकी शैक्षणिक गुणवत्ता और राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति को प्रमाणित करता है। यह पुस्तक शीघ्र ही देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में अध्ययन-अध्यापन हेतु उपलब्ध होगी। साथ ही, इसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स जैसे अमेजन और फ्लिपकार्ट, के साथ-साथ स्थानीय बुक स्टोर्स से भी खरीदा जा सकेगा। अपनी इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डॉ. मनोज दास ने कहा आज शिक्षा केवल चार दीवारों तक सीमित नहीं रही। डिजिटल युग में शिक्षा वैश्विक बन गई है और शिक्षक-विद्यार्थी के बीच तकनीकी पुल की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक हो गई है। मेरी यह पुस्तक इसी सेतु को मजबूत करने का एक विनम्र प्रयास है। उन्होंने इस पुस्तक की सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और अर्धांगिनी को देते हुए कहा कि उनके आशीर्वाद और सतत प्रेरणा के बिना यह कार्य संभव नहीं हो पाता। उन्होंने इस कृति को पूरी तरह शिक्षा जगत को समर्पित बताया और कहा कि वे भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और शोध पर केंद्रित कार्य करते रहेंगे।

# अनियमिततायें मिलने पर स्पा सेंटर सील

## बिना लाइसेंस, सत्यापन और दस्तावेजों के चल रहा था 'कूल स्पा'

काशीपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा काशीपुर क्षेत्र में अनैतिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु कार्रवाई तेज कर दी गई है। इसी क्रम में यूनिट प्रभारी निरीक्षक बसंती आर्य के नेतृत्व में, काशीपुर पुलिस टीम के साथ संयुक्त रूप से प्रिया मॉल में स्थित विभिन्न कैफे, स्पा सेंटर आदि पर औचक छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान 'कूल स्पा'नाम से संचालित एक स्पा सेंटर में कई गंभीर अनियमितताएँ पाई गईं। स्पा सेंटर बिना ग्राहक एंट्री रजिस्टर, बिना पुलिस सत्यापन, बिना वैध लाइसेंस, बिना थेरेपिस्ट प्रमाणपत्र और बिना ग्राहक पहचान दस्तावेजों के संचालित किया जा रहा था। जांच में सामने आया कि स्पा में आने-जाने वालों की न तो कोई विधिवत प्रविष्टि हो रही थी, न ही कर्मियों का कोई सत्यापित रिकॉर्ड उपलब्ध था। इन अनियमितताओं की सूचना तत्काल परगना मजिस्ट्रेट काशीपुर को दी गई, जिसके बाद तहसील प्रशासन से अरुण कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और 'कूल स्पा' को तत्काल बंद कर सील प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अनैतिक कार्यों एवं बिना अनुमति संचालित व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



कर दिया गया। स्पा संचालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई थाना काशीपुर में प्रचलित है और मामले की जांच गहनता से जारी है।पुलिस वहीं, स्थानीय प्रशासन द्वारा भी सभी वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को लाइसेंस, पुलिस सत्यापन और नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने की चेतावनी दी गई है।

# अवैध फैक्ट्री को खाद्य विभाग की टीम ने किया बंद

## पांच कुंतल से अधिक दूषित मिठाइयों को किया नष्ट , खाद्य पदार्थो के सैपल लिए

किच्छा(उद संवाददाता)। दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत कुमाऊं मंडल खाद्य संरक्षा उपायुक्त राजेंद्र सिंह कठायत के नेतृत्व में किच्छा में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान लाइसेंस नहीं मिला। टीम ने जांच के उपरांत तमाम खामियां पाए जाने पर मिठाई निर्माण की अवैध फैक्ट्री को तुरंत बंद करने के निर्देश दे दिए। टीम ने मौके से करीब 5 कुंतल से अधिक दूषित मिठाई टीम ने सभी प्रतिष्ठान स्वामियों को संदिग्ध खाद्य पदार्थों की बिक्री नहीं करने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी खाद्य कारोबारी द्वारा एफ. एस. एस. ए. एक्ट 2006 के मानकों के जनता से अपील की है कि खाद्य एवं पेय पदार्थ को खरीदते समय निर्माण तिथि एवं उपयोग की तिथि तथा खाद्य कारोबारी का खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण अवश्य देख लिया करें। इस




के तहत खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन उधम सिंह नगर की प्रवर्तन टीम द्वारा दो निर्माण इकाइयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर के पुराना बरेली मार्ग पर अवैध रूप से फैक्ट्री संचालित कर मिठाई का निर्माण, विक्रय, वितरण एवं संग्रह होते पाया गया। जांच के दौरान निर्माण इकाई पर कोई भी फूड को जनहित में नष्ट कर दिया और कारोबार पर तत्काल रोक लगा दी। टीम ने मौके से चीनी, मिश्री, मोतीचूर लड्डू, रिफाइंड तेल का सैंपल कब्जे में लेकर लैब में जांच के लिए भेज दिया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद संबंधित खाद्य कारोबारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। खाद्य विभाग की अनुरूप खाद्य एवं पेय पदार्थ का विक्रय, संग्रहण व निर्माण नहीं किया जाता तथा बिना पंजीकरण लाइसेंस के खाद्य कारोबार किए जाने पर उनके विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। टीम ने खाद्य विक्रेताओं से खाद्य पदार्थों के क्रय विक्रय करने का दैनिक रिकॉर्ड रखने के निर्देश देते हुए दौरान टीम में खाद्य संरक्षा उपाध्यक्ष उपयुक्त डॉ राजेंद्र सिंह, सहायक आयुक्त डॉ प्रकाश फुलारा, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती अपर्णा शाह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती आशा आर्य, राजस्व उप निरीक्षक शेखर चंद आर्य, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी भरत सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

# आईपीएस वाई पूरन कुमार को दी श्रद्धांजलि

गदरपुर(उद संवाददाता)। हरियाणा पुलिस के होनहार आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के आकस्मिक निधन पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मोमबत्ती जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। आपको बताते चले कि दिवंगत आईपीएस अधिकारी ने अपने सर्विस रिवॉल्वर से खुदकुशी कर ली थी। जिसको लेकर हरियाणा में भी भारी विरोध प्रदर्शन चल रहा है। मंगलवार की देर शाम वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कंबोज धर्मशाला में मोमबत्ती जलाकर हरियाणा के होनहार व दिवंगत आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की। आपको बताते चले कि कुछ दिन पूर्व दिवंगत आईपीएस अधिकारी ने खुद को अपने सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर खुदकुशी कर ली



थी। आरोप है कि मृतक आईपीएस अधिकारी को पुलिस के सीनियर अधिकारी प्रताड़ित कर रहे थे। आईपीएस अधिकारी की मौत के बाद उनकी आईएएस पत्नी ने उनके तीन पन्नों के सुसाइड नोट को मीडिआ में रिलीज करते हुए हरियाणा पुलिस के दो वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों पर उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए उसे ही मौत की वजह बताया। जिसको लेकर हरियाणा में भारी विरोध प्रदर्शन चल रहा है। श्रद्धांजलि देने वालों में कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह, शैलेंद्र शर्मा, शराफत मंसूरी, राजेश बाबा सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अल्मोड़ा में व्यापारी भाइयों पर हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा में दो व्यापारी भाइयों पर चाकू से एकाएक हमला कर घायल करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।दरअसल, बीते सोमवार देर शाम नगर के बाटा चैक निवासी बुक सेलर संचालक दीप चंद्र जोशी का एक पड़ोसी युवक से दुकान के सामने फड़ लगाने को लेकर विवाद हुआ। विवाद कुछ ही देर में देखते ही देखते हाथपाई में बदल गया। इस बीच आरोप है कि पड़ोसी युवक ने व्यापारी दीप चंद्र जोशी पर चाकू से हमला कर दिया। आरोप है कि बीच बचाव में आए व्यापारी के भाई जगदीश चंद्र जोशी पर आरोपियों ने हमला कर दिया। इस घटना में व्यापारी दीप चंद्र जोशी और उनके बुरी तरह घायल हो गए। अन्य लोगों ने किसी तरह हमलावरों से दोनों व्यापारियों की जान बचाई और उन्हें जिला अस्पताल लेकर गए। जहां दीप चंद्र जोशी के बाजू और पीठ पर पांच से अधिक टांके लग। जबकि व्यापारी जगदीश जोशी बुरी तरह घायल हुए है। इधर, मंगलवार को सीमा जोशी निवासी तल्ला गली जाखनदेवी ने पुलिस में तहरीर सौंपी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने विकास पवार, ध्रुव पवार और



आशुतोष पवार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया आरोपी आशुतोष पवार पर इससे पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं। मामले की जांच की जा रही है। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने व्यापारियों पर हमले की कड़ी निंदा की है। मंगलवार को मामले को लेकर एसएसपी देवेंद्र पींचा से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। इस दौरान व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार ने कहा कि इस तरह की घटना को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अराजक तत्वों के खिलाफ कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। चेतावनी दी कि यदि मामले में किसी भी तरह की हीलाहवाली की गई तो मजबूरन होकर देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल को पुलिस प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगा। यहां मुलाकात करने वालों में नगर अध्यक्ष संजय साह, महिला जिला उपाध्यक्ष व पार्षद वंदना वर्मा, नगर महासचिव दीप चंद्र जोशी, जिला संगठन महामंत्री नीरज थापा, जिला संयुक्त महामंत्री कमल बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु बिष्ट, निकेश उपाध्याय, सुधीर गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे। अल्मोड़ा में व्यापारियों में हमले की घटना के बाद देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल मुखर हो गया है। व्यापारियों ने कहा कि घटना से अल्मोड़ा नगर के व्यापारी एवं आम जनमानस असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत नगर क्षेत्र में पुलिस गश्त को और अधिक बढ़ाए जाने की मांग उठाई। ताकि व्यापारी एवं आम जनता अपने को सुरक्षित महसूस कर सके।

# गोष्ठी में कुष्ठ रोग के लक्षण और उपचार की दी जानकारी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ के. के. अग्रवाल की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार ,रूद्रपुर मे एक दिवसीय राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कुष्ठ रोग से संबंधित लक्षण एवं इसके पूर्ण उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई।प्रशिक्षण में उपस्थित समस्त स्वास्थ्य कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि क्षेत्र में उपचार ले चुके या उपचारित रोगी या रोग मुक्त हुए कुष्ठ रोगियों के साथ कोई भेदभाव ना किया जाए , उनके साथ मृदुभाषी व्यवहार अपनाया जाए ताकि उनका मनोबल बना रहे। उनको समाज में सम्मान की दृष्टि से उपचारित व व्यवहार किया जाए।कार्यक्रम में जिलाकुष्ठ अधिकारी डॉ डी पी सिंह,डॉ रविंद्र पाल सिंह लेप्रोसी कंसलटेंट डॉ रविंद्र पाल सिंह, स्वास्थ्य शिक्षक लाखी राम भट्ट,स्वास्थ्य कुष्ठ पर्यवेक्षक बी डी पांडेय द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।



# धारचूला में अल्मोड़ा अर्बन बैंक की शाखा खुली

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।अर्बन बैंक को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की 64 वीं शाखा का धारचूला में शुभारंभ हुआ है। शाखा का उद्घाटन करते हुए बैंक अध्यक्ष महेश चंद्र जोशी द्वारा बैंक की प्रगति की प्रशंसा की। कहा कि थल में बैंक की शाखा खुल जाने से क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। वहीं, बैंक के महाप्रबंधक बीएस मेहता द्वारा सभी जनता से बैंक के सेवाओं का लाभ उठाने का आहवान किया गया। उन्होंने बताया कि बैंक का कुल कार्य व्यवसाय लगभग 600 करोड़ है। इसके लिए उन्होंने सभी ग्राहकों का आभार व्यक्त किया गया। यहां अशोक नबियाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह थापा, राजेंद्र सिंह गर्ब्याल, त्रिलोक सिंह गर्ब्याल, शंकुतला आगरी, शाखा प्रमुख गिरीश चंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।



# आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत तीन महिलाओं की गोद भराई

गदरपुर(उद संवाददाता)। बाल विकास परियोजना के अंतर्गत चलाए जा रहे विकास कार्यों के अंतर्गत गूलरभोज रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रथम में बाल विकास परियोजना अधिकारी बीना भंडारी के दिशा निर्देशन में वार्ड नंबर 4 के आंगनबाड़ी केंद्र एक और दो तथा वार्ड नंबर 7 के केंद्र 1,2,3 की कार्यकर्तियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भी प्रदर्शन किया गया । वहीं पंजीकृत तीन महिलाओं की गोद भराई की गई । बाल विकास परियोजना अधिकारी बीना भंडारी ने बताया कि पोषण माह में पंजीकृत तीन महिलाओं की गोद भराई की



गई वहीं उपस्थित महिलाओं को बाल विकास परियोजना के अंतर्गत चलाए जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ उनका लाभ उठाने की अपील की गई। उन्होंने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के परिजनों से भी महिलाओं की सुरक्षा एवं खान-पान पर ध्यान देने के साथ पोषक खाद्य पदार्थों के प्रयोग करवाए जाने का आह्वान किया। इस मौके पर सुपरवाइजर राजकुमारी,ज्योति,भारती साहू, गोविंदी के अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गीता सक्सेना, प्रेमलता मौर्य, सरोज अरोड़ा, मुक्ता रानी सहित सहायिका किरण बाला ,रूपम ,कीर्ती, कविता, नाहिद मौजूद रहीं।

# जमीनी विवाद पर दो पक्षों में भिड़ंत

गदरपुर(उद संवाददाता)।जमीनी विवाद को लेकर मंगलवार देर शाम शंकर नगर मोड़ मेन रोड के पास अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट तक पहुंच गई और सड़क पर जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। राहगीरों को परेशानी होने लगी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए यातायात को सुचारू कराया। दोनों पक्ष विवादित भूमि पर अपना-अपना दावा जता रहे थे, जिसके चलते भारी तकरार हो रही थी।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार लीना चंद्रा के निर्देश पर महिला हल्का लेखपाल ज्योति भी मौके पर पहुंचीं। हालांकि तब तक मामला शांत हो चुका था।थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान ने भारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया और दोनों पक्षों को समझाकर शांत किया। साथ ही भविष्य में विवाद न हो, इसके लिए आवश्यक चेतावनी भी दी गई।घटना के बाद इलाके में देर तक चर्चा बनी रही, लेकिन पुलिस की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया।

# युवती के साथ पकड़ा संदिग्ध युवक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मंगलवार को नगर के एक होटल में हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने एक सूचना पर औचक दबिश देकर युवती के साथ संदिग्ध युवक को पकड़ कर उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस पकडे गये युवक युवती को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार गत दिवस हिंदूवादी संठन के कार्यकर्ताओं को यह सूचना मिली कि सिविल लाईन के एक होटल में युवती के साथ गैर समुदाय का युवक आया हुआ है। सूचना मिलने पर हिंदूवादी संगठनों के कई कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और उन्होंने होटल के उस कमरे को खुलवाया जहां युवक युवती संदिग्ध हालत में मौजूद पाये गये। कार्यकर्ताओं ने जब युवक से कड़ी पूछताछ की तो उसने खुद को किच्छा का निवासी बताया। जबकि युवती उसे गैर समुदाय का नहीं बता रही थी। कार्यकर्ताओं ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिसकर्मियों ने वहां पहुंचकर दोनों से पूछताछ की और अपनी हिरासत में ले लिया। पुलिस का कहना है कि मामले की गहरी जांच की जायेगी। दोषी पाये जाने पर युवक के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। पुलिस ने होटल के आगुंतक अभिलेखों व सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की।



## पेज एक का शेष...

**पुलिस कलस्टर परीक्षा...** 31वीं वाहिनी पीएसी सेनानायक पंकज भट्ट ने बताया कि द्वितीय प्रादेशिक अन्तरजनपदीय कबड्डी कलस्टर प्रतियोगिता में 12 टीमे-31वीं वाहिनी पीएसी, अल्मोड़ा, पौढ़ी, चम्पावत, हरिद्वार, नैनीताल, पिथौरागढ़, उधमसिंह नगर, आईआरबी प्रथम, द्वितीय, 40वीं व 46वीं वाहिनी पीएसी के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है।इस अवसर पर उप सेनानायक मिथलेश कुमार सिंह, सहायक सेनानाय तपेश कुमार चन्द्र, शिविर पाल, राकेश मेहरा सहित रेफरी, खिलाड़ी, जवान आदि मौजूद थे।






## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम RANJEETA SARKAR (पुराना नाम) से बदल कर अब RANJEETA BISWAS (नया नाम) कर लिया है अतः अब से भविष्य में मुझे RANJEETA BISWAS (नया नाम) पत्नी KISHOR KUMAR के नाम से जाना व पहचाना जाये।

वर्तमान पता- NETAJINAGAR WARD NO- 7, DINESHPUR, BUKSAURA, UDHAM SINGH NAGAR UTTARAKHAND-263160

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)







# गोल्डन एजेन्सी पर लगी धमाका सेल, उमड़े ग्राहक

## दीपावली ऑफर में प्रतिष्ठित कम्पनियों के कूकर और क्राकरी में 50 प्रतिशत तक की भारी छूट

रूद्रपुर।गोल्डन एजेन्सी के नैनीताल रोड़ पर सिद्धू पैलेस वाली गली आवास विकास में तीन मंजिला शो रूम में खरीदारी करने वालों का तांता लगा हुआ है। गोल्डन एजेन्सी के स्वामी किशोर अरोरा ने बताया कि धनतेरस व दीपावली के पावन पर्व पर देश विदेश की प्रतिष्ठित कम्पनियों के कूकर और क्राकरी के सामान पर बम्पर धमाका सेल चल रही है। आगामी 19 अक्टूबर तक चलने वाली इस सेल में पीएनबी, हॉकिंन्स, युनाईटेड व प्रेस्टीज आदि कम्पनियों के कूकर पर ग्राहकों को 30 से 50 प्रतिशत तक की भारी छूट प्रदान की जा रही है। जो कम्पनियों से भी कम रेटों पर है। श्री अरोरा ने बताया कि इसके अतिरिक्त बोरोसिल, मिल्टन सहित कई प्रतिष्ठित कम्पनियों की बोटल्स, कप प्लेट सहित अन्य क्राक्ररी के सामान पर भारी छूट दी जा रही है। गोल्डन एजेन्सी के स्वामी किशोर अरोरा ने बताया कि इस बम्पर धमाका सेल में ग्राहकों को हर कम्पनी का माल कम्पनी के मूल्यों से भी कम दामों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। श्री अरोरा ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में स्टील, व कांच के बर्तनों के साथ ही रसोई में दैनिक उपयोग में आने वाले कई सामान भी काफी कम कीमत पर उपलब्ध हैं। श्री अरोड़ा ने बताया कि उनकी शॉप पर न केवल रुद्रपुर बल्कि आसपास के क्षेत्रों की अन्य दुकानों की तुलना में सबसे अच्छी कंपनियों के उत्पाद सबसे कम दामों पर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि इस बार उन्होंने कंपनियों के साथ-साथ आम ग्राहकों के लिए भी गिफ्ट आइटम्स पर विशेष छूट रखी है ताकि लोग अपने परिजनों और मित्रों को आसानी से उपहार दे सकें।श्री अरोड़ा ने बताया कि प्रतिदिन उनकी दुकान पर बड़ी संख्या में ग्राहक पहुंच रहे हैं और अपनी पसंद के गिफ्ट पैक तैयार करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली सीजन में ग्राहकों की सुविधा के लिए दुकान पर सभी रेंज के स्टील और क्रोकरी के बर्तन उपलब्ध है उन्होंने बताया कि दीपावली ऑफर सीमित समय के लिए है, इसलिए ग्राहक जल्द से जल्द खरीदारी कर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। श्री अरोड़ा ने सभी शहरवासियों से अपील की कि वे इस त्योहार पर स्थानीय व्यापारियों से खरीदारी कर अपने शहर की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में योगदान दें । उन्होंने सभी सम्मानित ग्राहकों से आग्रह करते हुए कहा कि धनतेरस और दीपावली पर्व पर ग्राहकों के लिए विशेष आफर दिए जा रहे हैं। घरेलू सामान के लिए हर प्रकार की खरीददारी पर भारी छूट पाने के लिए उनके प्रतिष्ठान गोल्डन एजेन्सी में आकर इसका लाभ उठायें।





